हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 23 मार्च 2025

04 ऑपरेशन मुस्कान के तहत चार बालिकाओं...



07 गर्मी की शुरूआत नदी नालों का घट रहा जलस्तर...





## जांच: कलेक्टर के आदेश के बाद सवारी वाहनों की जांच पड़ताल की गई

# 37 वाहनों की जांच कर 29 का चालान कटा 2. 42 लाख वसूले, 1 ओवरलोड बस जब्त

लंबे समय बाद आरटीओ द्वारा बड़े वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में वाहन नियम विरुद्ध संचालित होते पाए गए। कई वाहनों पर जुर्माना लगाया गया तो कुछ वाहनों को जब्त कर परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया गया।



विदिशा। नियम विरुद्ध वाहन संचालित करते हुए पकड़ाने के बाद आरटीओ के सामने इस तरह खड़े नजर आए संचालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

परिवहन विभाग ने शनिवार को मुखर्जी नगर क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गई।

जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि चेकिंग के दौरान दो बसें ओवरलोड पाई गईं, जिनमें 80 से अधिक सवारियां सवार थीं। नियमों के उल्लंघन पर विभाग ने एक बस को जब्त कर लिया है। जबकि अन्य ओवरलोड बसों पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है।

ओवरलोडिंग को को रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई सुबह से दोपहर तक चली। जिसमें परिवहन विभाग ने अलग-अलग नियम उल्लंघन पर जुर्मान किया गया। कई वाहन अभी भी विभाग की जब्ती में हैं। परिवहन विभाग की ओर से यह विशेष अभियान बसों में ओवरलोडिंग की समस्या को रोकने के लिए चलाया गया है। चेकिंग में 37 वाहनों की जांच कर 2 लाख 42 हजार 692 रुपए वसूल किए हैं। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर वाहनों की जांच की जा रही है।

जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने सागर रोड, अशोकनगर रोड एवं करारिया चौराह पर वाहनों की जांच की। चालानी कार्रवाई करते हुए 29 वाहनों पर जुर्माना ठोका गया। 8 वाहनों को जब्त किया गया। लंबे समय बाद हुई इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हडकंप मच गया।

### ओवरलोडिंग को रोकने की कार्रवाई

विशेष रूप से यात्री बसों की निगरानी के लिए यह अभियान चलाया गया। बसों में क्षमता से अधिक सवारियां भरी जाती हैं। वहीं लोडिंग वाहनों में भी क्षमता से अधिक माल लोड होने के कारण हादसे होते हैं। कार्रवाई के दौरान मप्र मोटरयान कर जमा न होने के संबंध में जांच की गई। आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने बताया कि परिवहन आयुक्त और कलेक्टर के आदेश के पालन में वाहन चेकिंग की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### भूसा से भरे वाहनों पर भी हो कार्रवाई

भूसा से भरे ओवरलोड वाहनों के कारण भी सड़कों पर जाम की स्थिति बनती है। प्रतिबंध के बाद भी भूसे का परिवहन किया जा रहा है। जिस पर भी कार्रवाई होना चाहिए। प्रतिबंध के कारण अब अल सुबह और देर रात को ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉलियों से भूसे का परिवहन एक से दूसरे जिले में किया जा रहा है।

## रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक में यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने पर चर्चा



विदिशा। बैठक के दौरान विदिशा रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं को लेकर हुई चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भोपाल रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने की। भोपाल मंडल के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशनों की यात्री सुविधाओं, सुरक्षा, स्वच्छता और सेवाओं में सुधार को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक में विदिशा जिले से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे गए, जिन पर अधिकारियों ने गंभीरता से विचार किया और समाधान हेतु सकारात्मक रुख अपनाया। विशेष रूप से विदिशा रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता को बैठक में प्रमुखता से उठाया गया। जिससे यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। बैठक में विदिशा से सदस्य कमलेश सेन सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। उन्होंने विदिशा रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता को लेकर चर्चा की। जिस पर रेल प्रशासन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। रेल प्रशासन ने सुझावों पर अमल करने की बात कही है।

### बैठक में उठाए यह बिंदु

- स्टेशनों के जीर्णोद्धार में वाटर हार्वेस्टिंग की उपेक्षा की गई है, जो कि वर्तमान और भविष्य दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। अतः इसे निर्माण में शामिल किया जाना चाहिए।
- कोटा से भोपाल के मध्य इंटरसिटी ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रखा गया।
- ग्वालियर से भोपाल (वाया झाँसी) एक जन शताब्दी चलाने का सुझाव दिया गया।
- शालीमार से गुजरात के भुज के बीच चलने वाली भुज सुपरफास्ट एक्सप्रेस के फेरों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की गई।
- भोपाल-लखनऊ एक्सप्रेस को साप्ताहिक के स्थान पर डेली चलाने का सुझाव दिया गया।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में चौहान का चयन

**विदिशा।** तेलंगाना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में मप्र टीम के लिए विशुद्ध चौहान का चयन हुआ है। तेलंगाना में आयोजित होने वाली 68वीं राष्ट्रीय स्तर शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में मानसरोवर स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र विशुद्ध चौहान खेलेंगे। विशुद्ध कनारा क्रिकेट क्लब में क्रिकेट की बारीकियां सीखते हैं।

### जिझौतिया समाज का होली मिलन आज

**विदिशा।** रविवार दोपहर 12 बजे से जिझौतिया ब्राह्मण समाज का होली मिलन कार्यक्रम एवं समाज की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन समाज के भवन टीलाखेड़ी में होगा। समस्त समाज बंधुओं से कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने की अपील जिझौतिया ब्राह्मण समाज अध्यक्ष ने की है।

### जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला 26 से

**विदिशा।** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) एवं मप्र राज्य मिलेट मिशन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला दो दिवसीय आयोजन सिरोंज के महामाई मंदिर परिसर में 26 व 27 मार्च को किया गया है। मेले में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपाड़िया ने बताया कि मेले में बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे।

### बर्री टोरिया पर दांगी समाज का सम्मेलन

**कुरवाई।** शनिवार को ग्राम बर्री टोरिया मंदिर धाम पर दांगी क्षत्रिय समाज की बैठक हुई। बैठक में सामूहिक विवाह सम्मेलन का अध्यक्ष कुलवंत सिंह ठाकुर को नियक्त किया गया इस मौके पर कई निर्णय लिए गए जिनमें सामूहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया पर 30 अप्रैल को ग्राम बर्री टोरिया धाम मंदिर पर आयोजित किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी दांगी समाज के लोगों ने सहयोग दिए जाने पर सहमति दी समाज के लोगों की सहयोग से सामूहिक विवाह निशुल्क किया जाएगा। आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष कुलवंत सिंह दांगी को नियुक्त किया गया है।

### भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ

**विदिशा।** आज्ञाराम कॉलोनी में शनिवार से श्रीमद्भागवत भागवत कथा शुरू हुई। पूर्व महिला बाल विकास अधिकारी त्रिवेणी शर्मा एवं उनके परिवार जनों द्वारा कथा कराई जा रही है। कथा के लिए कलश यात्रा सिंहवाहिनी माता मंदिर से निकाली गई। जिसमें भगवान राधाकृष्ण की दिव्य झांकी सजाई गई। ज्योतिषचार्य श्रीमद्भागवत प्रवक्ता आचार्य विष्णु प्रसाद शास्त्री के मुखारविंद से कथा का वाचन किया गया। प्रथम दिवस की कथा में श्री शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। जीवन का एक संकल्प भगवत कृपा प्राप्त करने का अधिकारी बना सकता है।

## होली मिलन समारोह में शामिल हुए शिवराज



विदिशा। शनिवार को बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह के साथ शामिल हुए। उन्होंने सभी को होली के पर्व की बधाई दी। इस मौके पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अग्रवाल धर्मशाला में भजन 27 को, बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** बृज रसिक सेवा मंडल के तत्वावधान में 27 अप्रैल को बाल विहार में संत समागम एवं भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश के विभिन्न अखाड़ों, आश्रमों से महामंडलेश्वर, साधु -संतों का समागम होगा। कार्यक्रम में रूस की प्रसिद्ध मुरली वादक के साथ बृज के प्रसिद्ध संत एवं कृष्ण भजन गायब महावीर भगत रसिक द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। जिसको लेकर रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में 12 बजे बैठक होगी।

## पत्नी से विवाद, ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**विदिशा।** सुभाष नगर में रेल ट्रैक के पास शुक्रवार शाम एक युवक का शव मिला था। जिसका शनिवार को पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक की पहचान सोनू अहिरवार (30) के रूप में हुई है। घटना से एक दिन पहले गुरुवार की रात उसने नशे की हालत में पत्नी के साथ मारपीट की थी। जिसके बाद उसकी पत्नी नाराज होकर मायके चली गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोनू को शराब पीने की लत थी। सिविल लाइन पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हादसा था या आत्महत्या। सोनू अपनी पत्नी, माता-पिता और छोटे भाई के साथ सुभाषनगर में रहता था। उसकी तीन बहनों की शादी हो चुकी थी। आठ साल पहले उसका विवाह हुआ था, लेकिन उसकी कोई संतान नहीं थी। पहले वह गुजरात में काम करता था, लेकिन पैर में समस्या के कारण विदिशा लौट आया था।

## न्यायालय परिसर में वॉलंटियर्स की बैठक हुई

**विदिशा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में शनिवार को पैरालीगल वालंटियर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने कहा कि न्याय हर जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंच सके और हमारे अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना बनी रहे जिससे हम आदर्श समाज के निर्माण के सहभागी बनें। न्यायिक मजिस्ट्रेट नितेन्द्र सिंह तोमर ने सभी वालेंटियर्स से चर्चा की और उनके कार्य के बारे में जाना।

## मेडिकल कॉलेज को सुपर स्पेशलिस्ट बनाने सभी व्यवस्थाएं पूरी की जाएंगी: केंद्रीय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



केन्द्रीय कृषि एवं पंचायत मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में रक्त केंद्र भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विदिशा मेडिकल कॉलेज को सुपर स्पेशलिटी बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों सहित अन्य सभी स्टाफ से कहा कि सेवाभाव से कार्य करें ताकि मरीज यहां से जाने के बाद भी आपकी सेवाओं को जीवन भर याद रखें। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों की सीट बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। 750 बिस्तर के इस अस्पताल में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की तमाम पूर्ति की जाएगी। मेडिकल कॉलेज में दाखिल लेने वाले विद्यार्थी व स्टाफ के लिए आवासीय व्यवस्था व ऑडिटोरियम बनाए जाने हेतु सहमति व्यक्त की है।

LITTLE OLYMPIANS
A PRE-SCHOOL CHAIN BY OLYMPUS HIGH
NURSERY TO GRADE 4

OLYMPUS HIGH
NURSERY to XII
CBSE Affiliation No. 1030715

ओलंपस हाई और लिटिल ओलंपियंस में
अच्छी शिक्षा अब और भी किफ़ायती!

1st Division Marksheet Holders और Extra Curricular में School Level Certificate Holders को Scholarship!*

एडमिशन फ़ीस हाफ
स्कूल फ़ीस पर 10% स्कॉलरशिप




SCHOOL REOPENS 1 APRIL, 2025

ADMISSIONS OPEN
NURSERY TO 9th

LIMITED SEATS | अंतिम तिथि: 12 अप्रैल 2025

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल या विजिट करें।

ओलम्पस हाई स्कूल: सागर रोड, विदिशा-464001 (म.प्र.)
94244-95888

लिटिल ओलंपियंस: शंकर नगर, RTO के सामने, विदिशा-464001 (म.प्र.)
79700-99048

* सत्र 2024-25 की स्कूल Marksheet, extra curricular के स्कूल लेवल व उस से ऊपर के Certificates मान्य रहेंगे।

## मंदिर प्रांगण और पहाड़ी को सिरोंज, भोपाल और इंदौर के टेंट हाउस सजा रहे

# महामाई मेला 25 मार्च से, तैयारियां शुरू, विद्या शतचंडी महायज्ञ, रामलीला और लोक नृत्य होंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिरोंज की आराध्य देवी महामाई माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि का विशेष आयोजन 25 मार्च से शुरू होगा। मप्र मेला प्राधिकरण और संस्कृति विभाग के सहयोग से यह मेला 7 अप्रैल तक चलेगा। मंदिर प्रांगण और पहाड़ी को सिरोंज, भोपाल और इंदौर के टेंट हाउस सजा रहे हैं।

प्रतिदिन रात 8:30 बजे माताजी की विशेष संगीतमय आरती होगी। श्री विद्या शतचंडी महायज्ञ 30 मार्च से प्रारंभ होगा। यज्ञ की पूर्णाहुति 7 अप्रैल को होगी। देवी पूजन और नव कन्या पूजन होगा। मातारानी को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे रासलीला और रात 9 बजे रामलीला का मंचन होगा। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गोरांग प्रेमरस मंडली वृंदावन की प्रस्तुति होगी। 300 फीट का विशाल डोम बनाया है। मेले का शुभारंभ 25 मार्च को गणेश पूजन और ध्वजारोहण से होगा। शाम को पवन तिवारी की टीम भजन संध्या प्रस्तुत करेगी। 26 मार्च की रात 9 बजे राजस्थानी लोकनृत्य होगा। 27 मार्च को रात 9 बजे मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के कलाकार श्री राम मंदिर की संगीतमय गाथा प्रस्तुत करेंगे।

### मेला को बनाएंगे बेहतर



सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा और मंदिर संरक्षक सेवा समिति के उमाकांत शर्मा ने बताया है कि पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा के प्रयासों से यह आयोजन प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गया। हमारी समिति इसे और अच्छा कैसे करें, इसके लगातार प्रयास कर रही है।

## खबर संक्षेप

### कालापठार का छात्र बना जिला टॉपर



**गंजबासौदा।** जिला स्तरीय ओलंम्पियाड परीक्षा में काला पठार के दो छात्र अव्वल रहे। उपरोक्त जानकारी देते हुए शाला प्रभारी ने बताया कि छात्र यशपाल अहिरवार कक्षा 3 ने अग्रेंजी में जिला टाप किया है वहीं कक्षा 4 की छात्रा मोहिनी अहिरवार हिंदी की टापर बनी। छात्रों को बैग, ड्रेस, पानी बाटल, कम्पास, कैप शील्ड, प्रमाणपत्र आदि विदिशा विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष, सीईओ, जिला पंचायत, जिला शिक्षाधिकारी, डीपीसी, डाइट प्राचार्य द्वारा प्रदान किए गये। कर्मचारी, शिक्षक नेताओं ने एक स्वर मे शाला प्रभारी एवं कालापठार के समस्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही कालापठार एक उत्कृष्ठ सर्व सुविधायुक्त शाला है। शिक्षकों द्वारा जिस लगन मेहनत से छात्रों के भविष्य निर्माण एवं शैक्षणिक गुणवत्ता हेतू जो प्रयास किए जा रहे हैं वह सराहनीय हैं। यदि सभी शासकीय शालाएं कालापठार जैसी हो जाएं तो लोगों की यह भ्रांति टूट जायेगी की शासकीय शालाओं मे पढ़ाई नही होती।

### नपा ने कराया धुएं का छिड़काव



**गंजबासौदा।** शनिवार को शाम के समय नगरपालिका द्वारा नपा कर्मियों की मदद से नगर के मुख्य मार्गों सहित मिल रोड पर फागिंग मशीन की सहायता से धुएं का छिड़काव कराया गया। ज्ञात हो कि इन दिनों निचली बस्तियों एवं पाराशरी नदी किनारे के वार्डों में मच्छरों का अधिक प्रकोप देखा जा रहा है। अचानक से मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से रहवासी परेशान हैं। इस संबंध में हरिभूमि में प्रमुखता से समाचार भी प्रकाशित किए गए थे। जिसके बाद नपा प्रशासन ने नगरवासियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी के तहत नपा द्वारा कीटनाशक दवा एवं फागिंग मशीन से मच्छरनाशक धुएं का छिड़काव कराया जा रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि आगामी दिनों में मुख्य मार्गों के अलावा गलियों एवं बस्तियों में भी नियमित एवं सघन रूप से मच्छरनाशक धुएं का छिडकाव कराया जाए। जिससे लोगों को मच्छरों से राहत मिल सके और वे विभिन्न तरह की बीमारियों से बचे रह सकें।

# अपर सत्र न्यायालय में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





अपर सत्र न्यायालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग विकासखंड द्वारा शनिवार को जिला स्तर पर चल रहे निरोगी काया अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुराग द्विवेदी प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी, नजारत अनुभाग, न्यायालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, न्यायालयीन कर्मचारी गण, अभिभाषक संघ के अधिवक्तागण, पक्षकारगण का ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उचित परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग विकासखंड से स्वास्थ्य परीक्षण के लिए डॉ. अफसाना मंसूरी, डॉ. सुबोध कुमार, अनन्या हरके, नारायण सिंह, चंद्रिका जाटव तथा स्टॉफ से जितेन्द्र सेन, रानी विश्वकर्मा, टीना झा, कंचन बघेल, रीना सिलावट उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम न्यायाधीशगण हरप्रसाद वंशकार, रावेन्द्र कुमार सोनी, अब्दुल अजहर अंसारी, आफरीन युसुफजई, स्नो मारिया तिग्गा एवं सृष्टि कुशवाह तथा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह चौहान, रजनीश जैन, अभिषेक रघुवंशी, धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी एवं आकाश माहेश्वरी तथा समस्त अभिभाषक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। स्वास्थ्य शिविर में न्यायालयीन कर्मचारीगण राहुल सोनी, आशीष माथुर, अजय गुप्ता, रूपेश चतुर्वेदी आदि का विशेष योगदान रहा।

## सिटी थाना पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत चार बालिकाओं को परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




सिटी थाना पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत चार बालिकाओं को खोजने में सफलता प्राप्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले प्रकरण में 10 फरवरी को फरियादी पिता उम्र 48 साल निवासी वार्ड नंबर 14 ने अपनी नाबालिग लड़की उम्र 17 वर्ष 3 माह को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। दूसरे प्रकरण में फरियादी पिता उम्र 39 साल निवासी लाल पठार ने अपनी नाबालिग लड़की उम्र 15 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। तीसरे प्रकरण में फरियादिया उम्र 45 साल निवासी वार्ड नंबर 5 ने अपनी नाबालिग लड़की उम्र 16 वर्ष 4 माह को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। चौथे मामले में फरियादी पिता उम्र 44 साल निवासी बरेठ रोड ने अपनी नाबालिग लड़की उम्र 16 वर्ष 4 माह को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने चारों मामलों में धारा 137(2) BNS के तहत मामले पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए थे। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अपहर्ता बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। उपरोक्त अभियान में अपहृत बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी मनोज कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शहर योगेन्द्र सिंह परमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा अपहृत बालिकाओं की तलाश पतारसी के दौरान प्रकरण में आये तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 21 मार्च को बालिकाओं को मंडीदीप, रायसेन में अलग-अलग स्थानों से दस्तयाबय करने में सफलता प्राप्त की गई तथा एक बालिका को गंज बासौदा से दस्तयाब किया गया। अपहर्ताओं के न्यायालय में कथन कराये गये एवं अपहर्ताओं को परिजनों के सुपुर्द किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परमार, राधेश्याम यादव, बिनीता छिब्बर, विनोद शर्मा, लायक सिंह तोमर, शिवप्रताप सिंह, अभिषेक शुक्ला, सोनम भदौरिया, प्रियंका मौर्य की विशेष भूमिका रही।

# केके रेस्टोरेंट संचालक ने की ग्राहक से मारपीट, मामला दर्ज




**गंजबासौदा।** नगर से करीब पांच किलोमीटर दूर स्थित केके रेस्टोरेंट के संचालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्राहक के साथ मारपीट कर दी। मामला 18 मार्च का है जब संजीव गुप्ता और उनका परिवार अपने बच्चे का जन्मदिन मनाने गए थे। नगर के प्रिंटिंग शादी कार्ड का काम करने वाले संजीव गुप्ता ने अपने बच्चे के जन्मदिन की पार्टी ग्राम हतोड़ा के आगे केके रेस्टोरेंट पर रखी थी। इसके बाद वह 21 मार्च को रेस्टोरेंट का हिसाब किताब करने के लिए शाम के समय अपने भाई के साथ रेस्टोरेंट गए थे। इस दौरान उन्होंने उक्त कार्यक्रम के कुछ फोटो वीडियो मांगना चाहे। जिस पर रेस्टोरेंट संचालक अनुज रैकवार आग बबूला हो गया और अपने साथियों को बुलाकर उन दोनों के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान एक युवक के पैर में फ्रेक्चर हो गया वहीं दूसरे युवक को भी गंभीर चोटें आई हैं। घायलों ने पुलिस थाने फोन लगाकर पुलिस की मदद मांगी और थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादी संजीव गुप्ता की रिपोर्ट पर रेस्टोरेंट संचालक अनुज रैकवार, अंकित सहित अन्य आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296, 115 (2),351 (3), (3) 5 का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# डायसर्वन न कराने पर आरती मैरिज गार्डन किया सील




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रदेश सरकार एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार स्थानीय प्रशासन द्वारा राजस्व वसूली की कार्रवाई लगातार की जा रही है। जिनके डायवर्शन नहीं है उनके प्रकरण बनाकर वसूली का कार्य किया जा रहा है। फिर भी कई संस्थाएं बार बार सूचना के बाद भी अपना डायवर्शन नहीं करा रही हैं या डायवर्सन शुल्क जमा नहीं कर रही हैं। जिसके संबंध में कलेक्टर से प्राप्त निर्देशों के पालन में एसडीएम विजय राय के मार्ग दर्शन में तहसील बासौदा में स्वरूपनगर में बिना डायवर्सन के संचालित किये जा रहे आरती मैरिज गार्डन की सीलिंग की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में तहसीलदार संदीप जायसवाल राजस्व अमले के साथ मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने बनाए चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे दो पहिया वाहन जिन पर तीन सवारी बैठी हुईं थी, नंबर प्लेट टूटी हुई थी, चार पहिया वाहन में ड्रायवर सीट बेल्ट नहीं लगाए हुए थे। ऐसे वाहन चालकों को रोककर वाहन के आवश्यक दस्तावेज एवं चालक के ड्रायविंग लायसेंस की जांच की गई। जिसके न पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में 12 दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों से 4900 रुपए जुर्माने के रुप में वसूल किए गए। वहीं दो पहिया वाहन चालकों को हेलमट लगाकर बाइक चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, तेज गति में वाहन न चलाने की समझाईश दी गई। वहीं नगर के जागरुक नागरिकों ने यातायात पुलिस से मोडिफाई साइलेंसर वाली बुलेट बाइक चालकों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कर रहीं सहयोग

**गंजबासौदा।** इस वर्ष शहीद दिवस के अवसर पर त्योंदा रोड वार्ड नंबर 14 में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर विभिन्न प्रजातियों के 11 पौधे लगाए गए थे। यह नगर पालिका परिषद एवं पंचतत्व संरक्षण समिति का संयुक्त प्रयास है। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण कार्य आंगनबाड़ी का स्टॉफ कर रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति लोधी, आंगनबाड़ी सहायिका सुनीता पाल पौधों में नियमित पानी दे रही हैं। शनिवार को पौधों में पानी देने का सौभाग्य सुरेंद्रसिंह दांगी, प्रमोद राजपूत को प्राप्त हुआ। इस पौधारोपण के लिए नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव के प्रति पंचतत्व संरक्षण समिति हृदय से आभार व्यक्त करती है। पानी देने के लिए पाइप की व्यवस्था के लिए वार्ड पार्षद संतोषी जितेंद्र मैना ने घोषणा की। जिस पर समिति ने उनका भी आभार व्यक्त किया।



# मां कर्मा देवी जयंती पर निकलेगी विशाल और भव्य वाहन रैली

**गंजबासौदा।** मां कर्मा देवी की जयंती को साहू समाज जयंती महोत्सव के रूप में मनाएगा। समाज अध्यक्ष काशीराम साहू ने बताया कि सुबह 9 बजे विदिशा रोड स्थित मां कर्मा देवी मंदिर से वाहन रैली निकलेगी। रैली के समापन पर दोपहर 12 बजे भंडारा प्रसादी होगी। जयंती समारोह में कक्षा 5 से 12 तक की प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, प्रदेश साहू समाज अध्यक्ष, पूर्व विधायक , नपा उपाध्यक्ष, पार्षद नीलू चौबे और सुनील साहू अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### जिझौतिया समाज का होली मिलन समारोह आज

**गंजबासौदा।** जिझौतिया उत्थान समिति द्वारा होली मिलन समारोह दिनांक 23 मार्च रविवार को समय शाम 4 बजे से जिझौतिया धर्मशाला रामनगर कॉलोनी वार्ड नंबर 1 पर रखा गया है। समिति सदस्यों ने सभी स्वजातिए बंधुओं से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने और होली की शुभकामनाओं का आदान प्रदान करने की अपील की है।

## आदर्श विश्वकर्मा के साथ ट्रेन में किन्नरों ने की थी मारपीट

# विश्वकर्मा समाज ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को विश्वकर्मा समाज के लोगों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम विजय राय को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि किन्नर समाज के कुछ लोगों द्वारा आदर्श विश्वकर्मा की गोडवाना एक्सप्रेस में मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। किन्नर समाज के कुछ किन्नरों द्वारा ट्रेनों में जबरन वसूली, रुपए न देने पर यात्रियों से अनावश्यक मारपीट एवं यात्रियों के परिवारजनों से अभद्रता की जाती है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि किन्नर समाज के कुछ किन्नरों द्वारा बगैर किसी कारण के हत्या की घटनाएं की जा रही हैं और अवैध पैसा वसूली की जा रही है। किन्नर समाज के लोग पूरे शहर में घर घर, दुकान दुकान, गार्डन गार्डन पहुंचते हैं और अवैध राशि मांगते हैं। अगर राशि व्यक्ति द्वारा नहीं दी जाती है तो वह उनके परिवार के सामने व सार्वजनिक रूप से बेइज्जती करते हैं, उसे गालियां देते हैं एवं सभी के सामने स्वयं के कपड़े उतारते हैं, उसे प्रताड़ित करते हुए कहते हैं कि अगर पैसे नहीं दिये तो हम यहां से नहीं जाएगे और तुझे व तेरे परिवार को बेज्जतकर देंगे और लड़ाई झगड़ा करने को अमादा हो जाते हैं। इससे किन्नरों के प्रति जो जनमानस में शगुन देने का कार्य किया जाता था, वह अब किन्नरों द्वारा वसूली का कार्य बन गया है। किन्नर समुदाय के लोग कभी भी किसी भी समय जनमानस के घर व दुकान पर पहुंच जाते हैं और जबरजस्ती करते हैं। ऐसी कई घटनाएं प्रकाश में आ चुकी हैं। अपराध इतना बढ़ गया कि किन्नर समाज के लोग अमानवीय व्यवहार करते हैं। ज्ञापन में संपूर्ण किन्नर समाज को जनमानस के साथ उचित व्यहवार करने के साथ अवैध वसूली रोकने, अपराध न करने की समझाईश देने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो विश्वकर्मा समाज किन्नर समाज के द्वारा मांगी जा रही अवैध वसूली जिसे किन्नर समाज शगुन की राशि कहते हैं वह नहीं देगा। ज्ञापन में आदर्श विश्वकर्मा के हत्या के आरोपी सभी किन्नरों पर शीघ्र कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है। जिससे भविष्य में ऐसा कार्य किन्नर समाज द्वारा न किया जाए।

# जन सहयोग से बच्चों को वितरित करेंगे किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



आगामी 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले नवीन शिक्षण सत्र में कलेक्टर रोशन कुमार की पहल पर शाला में पहला कदम कार्यक्रम जिले में जनसहयोग से किया जाना है। इसके लिए शनिवार को एसडीएम विजय राय ने तहसील के पटवारी सभागृह में नगर के व्यापार महासंघ के सदस्यों, समाजसेवी और प्रबुद्ध बुद्धिजीवी सहित सामाजिक संस्थाओं के लोगों के साथ एक बैठक आयोजित की। बैठक में एसडीएम द्वारा शाला में पहला कदम कार्यक्रम की जानकारी दी गई और बताया कि 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले नवीन शिक्षण सत्र में कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का हम स्वागत करेंगे। साथ ही जन सहयोग से उन बच्चों को एक किट दी जाएगी, जिसमें बस्ता, बोतल, कंपास और ड्राइंग बुक होगी। बासौदा विकासखंड में लगभग 302 ऐसे स्कूल हैं जिनमें कक्षा एक की कक्षाएं संचालित होती हैं और नवीन शिक्षण सत्र में प्रवेश लेने वाले लगभग 1500 विद्यार्थी अभी तक नामांकित किए गए हैं। 31 मार्च तक 1000 विद्यार्थी और नवीन शिक्षण सत्र में जुड़ जाएंगे। शाला में पहला कदम कार्यक्रम में जिला कलेक्टर द्वारा 260 रुपए की लागत में यह किट उपलब्ध कराई जाएगी। जिसमें स्थानीय व्यापार महासंघ और सामाजिक लोग अपनी सहभागिता करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। प्रेस क्लब गंजबासौदा ने भी नगर के एक विद्यालय को गोद लेने का आश्वासन दिया है। बैठक में बासौदा व्यापार महासंघ के संरक्षक मनोज यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षण संस्थानों में आ रही परेशानियों को बैठक में रखा, जिसे सुनकर उन समस्याओं का समाधान करने के लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को कहा गया है। बैठक में बासौदा व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी, उपाध्यक्ष, सचिव मुकेश अरोरा, व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष मनोज डागा, सदस्य मयंक टांक, पवन रिछारिया सहित बड़ी संख्या में नगर के व्यापारी भी मौजूद रहे। बैठक के उपरांत एसडीएम विजय राय ने शहर में यातायात व्यवस्था के लिए भी व्यापारियों से चर्चा की है, उन्होंने बताया कि दुकान से करीब 5 फीट तक का टीन सेट कैंची नुमा बना सकते हैं लेकिन इसके आगे यदि कोई व्यापारी आएगा तो प्रशासन को मजबूरी में कार्रवाई करना होगी। जिस पर सभी व्यापारियों ने अपनी सहमति दी है की शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करेंगे और यातायात व्यवस्था में व्यापारियों का पूरा सहयोग रहेगा।

**खबर संक्षेप**

### होली मिलन और स्नेह भोज समारोह आज

**सिरोंज।** श्री अग्रवाल स्नेह सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा आज नगर के मंशापूरण मंदिर के पास स्थित संस्कार गार्डन फेस - 2 में होली मिलन समारोह व स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ समाजसेवी राजेश मित्तल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री अग्रवाल स्नेह सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा होली के पावन अवसर पर होली मिलन समारोह व स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम कल होगा

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन के लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम, जो पहले 24 मार्च को शाम 4 बजे निर्धारित था, अब अपरिहार्य कारणों से संशोधित समयानुसार 24 मार्च को दोपहर 12:30 बजे आयोजित किया जाएगा।

### किसकी किस्मत कौन जाने? कथा संग्रह का विमोचन आज

**सागर।** कवि, लेखक आर के तिवारी की नवमी कृति लघु कथा संग्रह किसकी किस्मत कौन जाने का विमोचन और चर्चा का आयोजन आज 23 मार्च रविवार को अपराह्न 3.00 बजे से दीपक होटल सभागार में नगर की प्रतिष्ठित संस्था श्यामलम द्वारा किया जाएगा। वरिष्ठ साहित्यकार,साहित्य सरस्वती की संपादक डॉ लक्ष्मी पाण्डेय की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी व लेखिका डॉ नीलिमा पिंपलापुरे होंगी।

### अनुगूंज कार्यक्रम 2025 का आयोजन आज

**सागर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में अनुगूंज कार्यक्रम 2025 का आयोजन 23 मार्च को महाकवि पद्माकर सभागार मोती नगर में शाम 3:30 बजे से किया जाएगा ।

देश के हर जीवदया प्रेमी को हार्दिक हुंडिया का संदेश

# जीवदया करने के नाम पर कहीं धंधा तो नहीं हो रहा यह देखना भी है एक कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने कहा कि पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व,बकरी ईद जैसे समय पर अचानक जीवदया प्रेमी संस्थाओ के मैसेज आने शुरू हो जायेंगे की हम एक जीव कोई संस्था कहेगी के 3000 में,कोई 4000 में और कोई कहेगा 5000 में बचाते है। अबोल जीवो के साथ फोटो उनके संदेश में ऐसे रखेंगे। जैसे उनके जैसा कोई जीवदया प्रेमी नहीं है। लेकिन क्या सिर्फ़ ये फोटो तक ही सीमित है। 27 साल का लड़का जीवदया जीवदया करके निकलता है घर में कमाने वाला कोई नहीं,तो इस का घर कैसे चलता है। कई जीवदया को धंधा तो नहीं कर दिया। बकरी ईद और पर्युषण पे तो हर उपाश्रय में जीवदया के लिये रूपिया इकट्ठा करने पांजरापोल चलाने वाले ट्रस्टी आते है। भाषण तो ऐसे तैयार कर के आते है जैसे इनके जैसा जीवदया प्रेमी कोई नहीं है। जैन करोड़ों रुपया जीवदया के नाम पर इकट्ठा करते है।

हार्दिक हुंडिया ने कहा कि जीवदया के नाम पे हमे शिखाया जाता है की अबोल जीवो की हत्या जब ईद पे होती है तब आयम्बिल करो,सफेद धान मत खाओ। क्योकि कि आज हजारों जीवो की हत्या होने वाली है उनको ज़्यादा पीड़ा ना हो। हुंडिया ने लोगो से सवाल है कि ये कैसी जीवदया शिखा रहे हो। अबोल जीवो की हत्या हो रही है। वो कटे तो कटे, उनको बचाने की जगह आयंबिल करो। ये कैसी जीवदया अबोल जीवो को बचाने सिर्फ़ जैन धर्म के अनुआई करोड़ो रुपया भारत में इकट्ठा करते है। वो पैसों से आप कसाईओ को धंधा कराते हो। वो कसाई को आप व्यपार कराके क्या आप जीवदया करते हो या उनको बढ़ावा जरा सोचिए। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि किसी से भी एक भी रूपिया लिए बिना क़ानूनी लढ़ाई लड़ कर गुजरात के जितने भी ग़ैर क़ानूनी क़त्ल खाने है उनको बंद कराने का आदेश डीसा के वरिष्ठ धाराशास्त्री धर्मेंद्र फोफानी क़ानूनी लड़ाई लड़ के ले आए और हजारो जीवो की हत्या एक भी रुपया खर्चे बिना एक अकेले धर्मेंद्र फोफानी ने बंद करवा दी। हमे हर राज्य में धर्मेंद्र फोफानी की तरह कानूनी लड़ाई लड़ के कसाई को बिना रूपिया दिए हजारों अबोल जीव हम बचा सकते है। फिर जीवदया के नाम पे कसाईओ का व्यपार क्यों कराना। उन्होने कहा कि समस्त महाजन जैसी संस्था अबोल जीवो के नाम पे करोड़ो रुपया इकट्ठा कर के जीवदया के नाम पे व्यापार नहीं तो और क्या कर रही है। क्यों कानूनी लड़ाई लड़के धर्मेंद्र फोफानी की तरह काम नहीं करती। गिरीश शाह आप से पैसा ले के वो पिंजरापोल को पैसा देता है जहा उसको मान सम्मान मिले और वह अबोल जीवो के प्रति प्यार होता तो ख़ुद संस्था नहीं बनाता। वो लोगो को अपील करता कि ये पांजरापोल को सीधा रुपया दो। गिरीश शाह लोगो को हिसाब दे कवह अबोल जीवो के नाम पे समस्त महाजन मैनेजमेंट के नाम पे कितना रुपया आज तक बर्बाद कर चुका है। आप पैसा देते हो तो अब हिसाब पूछना भी आप सभी का फर्ज है। अबोल जीवो के नाम मजदूरों को तेल लगाने के नाम छास पिलाने के नाम,घास के नाम, आज कितना रुपया लोगो से लिया और क्या क्या किया। जरा हमे भी बताए। हार्दिक हुंडिया ने गिरीश शाह से सवाल करते हुए कहा कि क्यों गिरीश शाह वरिष्ठ धारा शास्त्री धर्मेंद्र फोफानी की तरह कानूनी लड़ाई क्यों नहीं लड़ते। क्या गिरीश शाह का जीवदया के नाम धंधा चल रहा है वो बंद हो जाएगा। समस्त महाजन के नाम पे सिर्फ वाहवाही लूटना और उनको जो मान सम्मान चाहिए वो बंद हो जाएगा। हार्दिक हुंडिया की तमाम जीवदया प्रेमियो से बिनती करते हुए कहा कि ऐसे लोगो से अब सावधान समाज को होना पड़ेगा और धर्मेंद्र फ़ोफ़ानी की तरह काम करके अबोल जीवो को बचाए।




भाजपा नेता बोलीं-चिंताजनक

## हाईकोर्ट का दिया फैसला है न्याय भावना के खिलाफः श्वेता त्यागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर की वरिष्ठ समाजसेविका एंव भाजपा महिला मोर्चा कार्यालय मंत्री श्वेता आनंद त्यागी ने हरिभूमि से कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला चिंताजनक और न्याय की भावना के खिलाफ प्रतीत होता है। यदि किसी नाबालिग बच्ची के निजी अंगों को पकड़ना और उसके कपड़े फाड़ना यौन उत्पीड़न की श्रेणी में नहीं आता, तो यह कानूनी व्यवस्था की गंभीर खामी को दर्शाता है। वहीं उन्होंने कहा कि जहाँ तक मुझे ज्ञात है कि पास्को एक्ट के तहत किसी भी प्रकार का यौन उत्पीड़न जिसमें बच्चे के निजी अंगों को छूना,गलत इरादे से उनके साथ शारीरिक संबध बनाना, अश्लील हरकत करना शामिल है। स्पष्ट रूप से दंडनीय अपराध है। सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि बिना कपड़े उतारे भी यदि बच्चे के निजी अंगों को छूने या उनके साथ अनुचित व्यवहार करने की कोशिश होती है, तो वह यौन हमला माना जाएगा। त्यागी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 19 नवंबर 2021 को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया था, जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि किसी बच्चे के निजी अंगों को छूना या यौन इरादे से संपर्क बनाना पास्को एक्ट के तहत यौन हमला माना जाएगा। यह फैसला सतीश बनाम महाराष्ट्र राज्य के केस में आया था। इसमें बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने एक आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि कपड़े के ऊपर से छूना पास्को के तहत यौन हमला नहीं है। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को खारिज कर दिया और कहा कि यौन इरादे से बच्चे के शरीर को छूना ही पर्याप्त है। भले ही कपड़े के ऊपर से हो, यह पास्को एक्ट के तहत अपराध माना जाएगा। इहलाबाद हाई कोर्ट के जज राम मनोहर मिश्र द्वारा 17 मार्च को दिए गए इस फैसले से समाज में आपराधिक प्रवृत्ति में वृद्धि देखी जा सकती है और यह फैसला खतरनाक मिसाल कायम हो सकती है। जिससे यौन अपराधियों को राहत मिल सकती है और पीड़ितों को न्याय से वंचित किया जा सकता है। इस तरह के मामलों में कानून की सख्ती से व्याख्या और प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत है ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। देश की सशक्त नारी होने के नाते मैं इस फैसले के खिलाफ हूं।



ग्रामीण चिकित्सालय लाए

## बाइक चालक ने शिक्षक को मारी टक्कर, किया विदिशा रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ग्राम पंचायत चितावर हाई स्कूल में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक वेद प्रकाश राजपूत शुक्रवार को स्कूल बंद होने के बाद अपने घर के लिए निकले। जैसे ही वह ग्राम महू पहुचे तो मोड पर एक बाईक चालक द्वारा उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

जिस कारण शिक्षक वेद प्रकाश राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही उनकी बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। तो वही ग्रामीणो की मदद से शिक्षक को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय लाया गया। जहा सिर पर गंभीर चोट होने के चलते डॉक्टरो ने शिक्षक की हालात को गंभीर देखते हुए विदिशा रेफर किया। जहा उनका उपचार चल रहा है।



## अल्हमदुलिल्लाह तरावीह के दस साल बेमिसालः हाफिज अब्दुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

रमज़ानुल मुबारक के पाक महीने की अहम सुन्नत तरावीह बरोज़ जुमा 20 वा रोज़ा 21बी शब को मस्जिद उमर फारूक भौंरिया में तरावीह में कुरआन पाक पूरा हुआ। इस अवसर पर मुंस्लम समाजजनों ने मुल्क के अमन चैन सूकून की दुआ की गई।

दस साल से लगातार तरावीह पढ़ा रहे हाफिज अब्दुल क़दीर खत्मे कुरआन पर रमज़ानुल मुबारक के पाक महीने पर हाफिज अब्दुल कदीर ने बयान करते हुए कहा कि अल्लाह ताला ने अपने बंदों पर बेशुमार नेमतें नाजिल की हैं जिनमें से एक बहुत बड़ी नेमत रमजान उल मुबारक का बा बरकत महीना है यह महीना रहमत मग्फिरत और जहन्नम से निजात का जरिया है। जिसमें अल्लाह ताला अपने बंदों पर बेपनाह फजलों करम फरमाता है। कुरान मजीद और अहादीसे मुबारका में रमजान उल मुबारक की फजीलत और बरकत का तफसीर से जिक्र किया गया है। यही वह मुबारक महीना है जिसमें सबसे अफजल किताब कुराने करीम नाजिल हुई। वही जिसके रोज़े का सवाब खुद अल्लाह तआला ने अपने ज़िमिमें लिया है रमजान ही वह महीना है जिसमें सरकश शयातीन को बेड़ियों में जकड़ दिया जाता है। साथ ही जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं रोजाना लाखों गुनाहगारों कि मग्फिरत का ऐलान किया जाता है। रमजान ही तरावीह व एतेकाफ का महीना है इसी महीने में वह मुबारक रात होती है। जिसकी इबादत हजार महीनों से अफजल है और रमजानुल मुबारक ही वह महीना है। जिसके इस्तकबाल के लिए जन्नत को 11 माह पहले से सजाया जाता है और जिस महीने को पाने के लिए आका ए दो जहां मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम रजब के चांद देखने के साथ ही दुआ करते थे और शाबान को रमजान की तैयारी में गुजारते थे लिहाजा हम सबके लिए जरूरी है कि इस मुबारक महीने में जितनी ज्यादा इबादत कर सकते हो करें और अपने गुनाहों से माफी का परवाना हासिल करें और अपने रूठे हुए अल्लाह को मनाएं और अल्लाह की रहमतों को अपनी तरफ मुतवज्जह करें अल्लाह तआला हमारे रोजो. और नमाज़ो ज़कात सदका जैसी सभी इबादात को अपनी बारगाह में कुबूल फरमाए आमीन मस्जिद कमेटी और सभी साथियों नेहाफिज अब्दुल कदीर मंसूरी का इस्तकबाल किया। सभी को मिठाई का वितरण किया गया।



# मांगरोल में 5 दिवसीय गौ कथा संत समागम, गौ आधारित कृषि प्रशिक्षण

### बरेली से मांगरोल तक शहीद सम्मान रैली निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

माँ नर्मदा के उत्तर तट स्थित मंगलेश्वर धाम मांगरोल के पाखर वाले नरसिंह मंदिर में आज रविवार 23 से गुरूवार 27 मार्च तक 5 दिवसीय गौ कथा, संत समागम के साथ गौ आधारित जैविक खेती का किसानों को प्रशिक्षण इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन होगा। राष्ट्रीय गौ कथा प्रारंभ होने से पूर्व आज पोरिया टाकीज कामतोन से कार्यक्रम स्थल मांगरोल तक शहीद सम्मान रैली निकाली जाएगी।

मांगरोल के नरसिंह मंदिर जिसे पाखर वाला मंदिर भी कहा जाता है। आज रविवार को 5 दिवसीय गौ कथा प्रारंभ होने के साथ संतो का समागम और धार्मिक श्रद्धालुओं के दर्शन भी होगे। वैधो द्वारा असाध्य रोगो का नाडी परीक्षण से वैदिक उपचार, अनुभवी कृषि विशेषज्ञों द्वारा शाश्वत, योगिक, प्राकृतिक और जैविक गौ आधारित खेती का किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी के साथ स्व. राजीव दीक्षित समर्थकों द्वारा स्वदेशी प्रशिक्षण, संगोष्ठी, किसान संगोष्ठी,गौ संगोष्ठी के द्वारा गौ माता की महत्ता और गौ मूत्र, गोबर की उपयोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

**प्रतिदिन गौ कथा :** ब्रजवासी गौ कथा वाचक श्री सुन्दर वैदिक जी द्वारा नरसिंह मंदिर मांगरोल में प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक गौ कथा के माध्यम से गौ माता की महत्ता गौ सेवा इत्यादि पर विस्तार से चर्चा और कथा की जाएगी। सभी सनातन गौ भक्तों से प्रतिदिन मांगरोल नर्मदा तट पहुंचने की अपील की है।



पुलिस कर रही चोरों की तलाश

## अज्ञात चोर दुकान के ताले तोड़ ले गए जेवर व नगदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर के दालमिल मोहल्ला में सोने चांदी की दुकान के रात में अज्ञात चोर ताला तोड कर सोने चांदी के जेवर सहित तीन हजार नगदी चोरी कर ले गए। दुकानदार विनोद सोनी के द्वारा थाने पहुंच कर रिर्पोट दर्ज कराई। पुलिस अज्ञात चोरो की तलाश कर रही है।

दालमिल क्षेत्र में श्याम ज्वेलर्स के नाम से दुकान चल रही थी। विनोद सोनी के अनुसार किरायेदारों के द्वारा बताया कि उसकी दुकान की शटर खुली हुई है। अज्ञात चोर दुकान के काउन्टर में रखे 3 हजार रू नगदी, 4 ग्राम पुराना सोना और 700 ग्राम चांदी चोरी कर ले गए। पुलिस द्वारा अज्ञात के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर चोर की तलाश की जा रही है।



### आज सुबह से दोपहर तक नहीं रहेगी बिजली

**बरेली।** उदयपुरा नाका एवं 33 केव्ही लाइन के मेंटनेश के कारण आज रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली न रहने की सूचना प्रबंधक म.प्र.म.क्षे.बिजली कंपनी बरेली द्वारा जारी की गई है। अभी गर्मी की शुरूआत हो रही है। इसी के साथ विधुत वितरण कंपनी द्वारा मेंटनेश का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। सवाल यह है कि लगभग 5 घंटे जब सबसे अधिक गर्मी रहती है और परिवारों में जलापूर्ति के लिए नल और बिजली से मोटरे चलाई जाती है। बिजली न रहने से मुख्य रूप से पानी की समस्या बनी रह सकती है।

## श्रीकान्यकुब्ज वैश्य समाज 25 को मुख्य मंत्री निवास पर प्रदर्शन कर मांग का ज्ञापन सौंपेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

श्रीकान्यकुब्ज वैश्य समाज के मंदिर और सामुदायिक भवन पर कब्जा करने वालों पर प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण समाज में तीव्र आक्रोश व्याप्त है और आगामी 25 मार्च को समाज के लोग भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पर जाकर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री मोहन यादव को ज्ञापन सौंपेंगे ।

श्रीकान्यकुब्ज वैश्य सभा के उपाध्यक्ष एवं श्रीदेव जानकी रमण मंदिर ट्रस्ट इतवारा बाजार के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता में उक्त जानकारी देते हुए बतलाया कि अनेक वर्षों के संघर्ष के बाद राम प्याऊ के सामने स्थित स्वजातीय जर्जर भवन को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराकर विधायक निधि के अंशदान और समाजजनों के सहयोग से नए सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है। जिसका लोकार्पण भी नहीं हुआ है। समाज के कुछ उददंड शरारती तत्वों ने मंदिर में न्यायालय तहसीलदार के स्थगन आदेश के बावजूद अनाधिकृत रूप से मंदिर के प्रांगण में अतिक्रमण कर शिवलिंग स्थापित कर दिया और समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन पर कब्जा कर लिया है। इसके विरुद्ध समाजजनों ने एसडीएम को कई आवेदन दिए और सामूहिक रूप से विगत वर्ष जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा था। परंतु एक वर्ष बीतने पर भी कोई कार्यवाही नहीं होने पर इस वर्ष फरवरी में समाज के द्वारा पुनः ज्ञापन दिया गया था। बावजूद इसके प्रशासन ऐसे असामाजिक तत्वों के ऊपर कोई भी कार्यवाही करने में असमर्थ है। अतः आगामी मंगलवार 25 मार्च को समाज के लोग भोपाल में मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे और मुख्यमंत्री मोहन यादव को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपेंगे। श्रीकान्यकुब्ज वैश्य सभा सागर के अध्यक्ष शिवलाल गुप्ता, महिला सभा की अध्यक्ष गायत्री गुप्ता एवं नवयुवक सभा अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने सभी समाजजनों से अपील की है कि वे सभी ट्रेन, बस या निजी वाहनों से बुधवार को सुबह 11 बजे श्यामला हिल्स भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर उपस्थित होकर अपनी एकता और शक्ति का प्रदर्शन करें।

### कवि सम्मेलन, मुशायरा व सम्मान समारोह का आयोजन आज

**सागर।** संस्था देववाणी के तत्वावधान में 23 मार्च को भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव के बलिदान दिवस पर स्थानीय मेन बस स्टैंड के पास संध्या 7:00 बजे से कवि सम्मेलन, मुशायरा व सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष पी.आर.मलैया ने बताया कि कार्यक्रम में देश के विभिन्न शहरों से कवि, शायर इसमें काव्य पाठ करेंगे जिसमें अमित भूषण 'गोप' मुंबई, पंकज 'अंगार' ललितपु, अमित 'चितवन' ग्वालियर, प्रमिला 'किरण' इटारसी, अशोक 'आजाद', डा.लीला सिंह परिहार,संजय सिंह, भोपाल, डा.अनिल कोरी, इंजी. विनोद 'नयन', जबलपुर ,शंकर 'सहर्ष' नरसिंहपुर ,गणेश राय दमोह, डा. गजाधर 'सागर', वृंदावन राय 'सरल', श्याम मनोहर सीरोठिया आदि रहेंगे मौजूद।

समनापुर जांगीर में हो रहा संचालन

## राज्यमंत्री करेंगे आज गौग्रास भंडार गृह का लोकपर्ण

◆ गौग्रास भंडार ग्रह का निर्माण विधायक निधि से किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

वर्षो से फोरलेन-45 के किनारे आचार्य श्री विद्या सागर जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान ट्रस्ट ग्राम समनापुर जांगीर में गौशाला का संचालन किया जा रहा है। आज रविवार को क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा नव निर्मित गौग्रास भंडार ग्रह का लोकपर्ण किया जाएगा।

गौ ग्रास भंडार ग्रह का निर्माण विधायक निधि से किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता दयोदय महासंघ के अध्यक्ष प्रेमचंद प्रेमी द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में कुल गौरवी परिवारो का सम्मान भी किया जाएगा। उन दंपतियों को सम्मानित किया जाएगा। जिनके यहॉ सिर्फ बेटिया है। गौशाला परिवार के अध्यक्ष चन्द्र कुमार जैन ने सभी गौ भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।



घोघरा, बारना नदियां बनी गंदा नाला, तैदोनी, इक्यावन सूखने की कगार पर

# गर्मी की शुरूआत नदी नालों का घट रहा जलस्तर, दिखने लगी रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

2 दशक पूर्व तक क्षेत्र की नदियों एवं नालो में भरपूर पानी रहा करता था। निरंतर नीचे खिसक रहे भू-जल स्तर का प्रभाव अब क्षेत्र की 4 प्रमुख घोघरा, बारना, तेदौनी, इक्यावन नदियों पर साफ दिखलाई देने लगा है। जब तक बारना बांध की नहरो में पानी चलता है, तब तक इन नदियों के साथ दर्जनों ग्रामीणो नालो में भरपूर पानी रहता है। जैसे ही नहरों में पानी बंद तो नदी नालो के सूख जाने की स्थिति बनती है। नगर का संपूर्ण गंदा पानी घोघरा और बारना नदिया जो कि गंदे नाले का रूप धारण कर चुकी है। 9 कि.मी. दूर सीधे नर्मदा नदी में मिल जाता है।

### नदी हो गई गंदे नाले -

नगर से लगी घोघरा नदी में दो दशक पूर्व तक भरपूर पानी रहा करता था। इसी नदी के किनारे प्राचीन हनुमान गढ़ी और नरसिंह टेकरी मंदिर है। घोघरा नदी कुछ आगे चल कर बारना नदी में मिल जाती है। बारना नदी के किनारे दर्जनों ग्राम है। जिनकी गंदगी और गंदा पानी नदी में आता है। घोघरा और बारना नदी बरेली नगर का संपूर्ण गंदा पानी और गंदगी अपने जल में मिला कर 9 कि.मी. दूर नर्मदा में मिल जाती है। नगर से प्रतिदिन निकलने वाला हजारो लीटर गंदा पानी नर्मदा में प्रदूर्षण बढाने का कार्य कर रहा है। दौनों नदिया गंदगी से भरपूर होने के साथ गंदे नाले का रूप धारण कर चुकी है।



**नदी नालों के किनारे ईटों का निर्माण :** बारना, घोघरा, तेदौनी, इक्यावन नदियों के किनारे प्रमुख रूप से ईटो का निर्माण और ईट भट्टे लगाये जाते है। जिससे नदियों के किनारो की मिट्टी का भारी मात्रा में उपयोग किए जाने से नदी नालो का स्वरूप बिगडने, बदलने की स्थिमि निर्मित होने के साथ जलाभाव और अत्याधिक गंदगी के कारण जलीय जीवो का अभाव हो गया है।

### दिखने लगी रेत

बारना, घोघरा, तेदौनी, इक्यावन नदियों में गर्मी की शुरूआत में ही जलाभाव की स्थिति उत्पन्न होने से नदियों में पानी कम और रेत ही रेत दिखलाई देने लगी है। आने वाले दिनों में नदी नाले सूख जाने से मवेशियों के लिए पीने के पानी की विकराल समस्या उत्पन्न होगी। निरंतर नीचे गिरते भू-जल स्तर में नदी नालो और तालाबो में पानी न रहने सबसे बडा कारण बनता नजर आ रहा है। क्षेत्र में हजारो ट्यूबवेल नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा लगाकर निरंतर जमीन से पानी खींचा जा रहा है। परंतु जमीन में पानी पहुंचे और सूख रही नदियां नालो में पानी बना रहे इसके प्रति निरंतर उदासीनता बनी हुई है।

### वेस्टर्न डिस्टर्वेंस से मौसम में बदलाव का अंदेशा, बारिश का अलर्ट

# आसमानी आफत से बढ़ी किसानों की चिंताएं, कटाई में तेजी से जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

वेस्टर्न डिस्टरवेंस के कारण जिले में मौसम परिवर्तन से जहां बादल छाएं हुए है, वहीं मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे खिंच गई।

मौसम की बेरुखी के चलते किसानों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में फसलें खड़ी हुई है और घरों पर धान की उपज रखी हुई है। स्थिति यह है कि किसानों को फसल कटवाने के लिए मजदूर नहीं मिल रहे है, मो वहीं हार्वेस्टर का भी नंबर लगाकर फसल निकाली जा रही है। जिससे किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है।

वहीं जिन किसानों ने खेतों से फसल को काट कर बेंचने के लिए मंडी लेकर पहुंच रहे है तो फसलों का कम दाम मिल रहा है। वहीं व्यापारी इस स्थिति का फायदा उठाने में भी कोई कसर नहीं कर रहे है।



#### किसानों की मजबूरी का फायदा उठा रहे व्यापारी

ग्राम भादनेर के किसान सौरभ यादव, प्रहलाद यादव, जितेंद्र यादव ने बताया कि वर्तमान में मौसम खराब होने के कारण फसलों का कटाई कार्य तेजी से चल रहा है तथा फसल कटते ही मंडी में बेंचने के लिए लेकर पहुंच रहे है, लेकिन हमारी मजबूरी का फायदा उठाकर व्यापारी अपनी मनमानी करते हुए फसल का कम दाम लगाते है। मतबूरन हमें कम दाम में ही फसल को बेंचना पड़ता है। शुक्रवार को गेहूं के दाम 2417 से 2700 रुपए प्रति क्विंटल के बीच रहे।

#### सैकड़ों हेक्टेयर भूमि पर खड़ी है गेंहू फसल

किसानों की माने तो जिले में अभी कई सैकड़ों हेक्टेयर में गेंहू की फसल पककर तैयार हो चुकी है। समय रहते खेतों में खड़ी फसल नहीं काटी गई तो गेंहू के कलर में अंतर आ जाएगा और उसके सही दाम नहीं मिल सकेंगे। जिसको लेकर किसान परेशान देखा जा रहा है और खेतों में खड़ी फसल को घर लाने में तेजी से जुटा हुआ है। वहीं अगर बारिश हुई तो फसलें बर्बाद हो जाएगी।

#### मंडी में रिकॉर्ड आवक

शुक्रवार को कृषि उपज मंडी रायसेन में रिकॉर्ड आवक देखी गई। जहां करीब 2 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं की आवक और 6 हजार क्विंटल धान की आवक हुई।

# परेशानी भरा हो रहा 3 किमी का सफर, सड़क में हुए गड्ढे ही गड्ढे

### ग्रामीणों को आवागमन में आ रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिलवानी

स्टेट हाईवे 15 से नीगरी जाने वाला मार्ग की खस्ता हालत से आवागमन में ग्रामीणो को खासी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा हैं। करीब 3 किलो मीटर की यह सड़क ना केवल गडढो में तब्दील हो चुकी है बल्कि अनेको स्थानो से यह सडक गायब ही हो गई है। लेकिन अघिकारपी सड़क की मरम्मत कराए जाने को लेकर गंभीर नही दिख रहे हैं। जानकारी के अनुसार स्टेट हाईवे 15 स्थित इंडेन गैस एजेंसी की गोदाम से लग कर नीगरी ग्राम जाने वाली सड़क का निर्माण वर्षा पूर्व कराया गया था।

इस सड़क का उपयोग नीगरी सहित प्रसिद्व धर्म स्थल सोजनी धाम जाने के लिए भी कया जाता है। प्रति मंगलवार को सोजनीधाम में बड़ी संख्या श्रद्धालु पहुंच कर पूजा अर्चना करते है। लेकिन नीगरी तक की सड़क अत्यंत ही क्षतिग्रस्त होने से श्रद्धालुओं को आवागमन में अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 3 किलोमीटर की नीगरी तक जाने वाली सड़क पर 100 से अधिक गडढे होना बताए जा रहे हैं। इतना ही नहीं अनेको स्थानों से सड़क गायब ही हो गई है। सोजनी जाने वाले श्रद्धालु नंगे पैर पैदल ही सफर पूर्ण करते है। बल्कि अनेकों श्रद्धालु पिण्ड भरते हुए भी जाते है। धर्म स्थल सोजनीधाम जाने वालो में महिला श्रद्धालुओं की संख्या भी अधिक होती है। जो कि नंगे पैर पैदल ही जाती हैं।



#### ग्रामीण कर चुके हैं सड़क मरम्मत की मांग

*ग्रामीण हलके, बीरसिंह, मेहन दास राधे श्याम, तुलसीराम सहित अनेक ग्रामीण व ,श्रद्धालु नीगरी तक जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग कर चुके है। लेकिन ग्रामीनणो की जायज मांग को आज तक तवज्जो नही मिल सकी हैं। ग्रामीणो ने मांग की है कि नीगरी तक की क्षतिग्रस्त सड़क कही मरम्मत कराई जावे ताकि आवागमन सुलभ हो सके।*

## खबर संक्षेप

### गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्य तिथि पर आयोजन

**सिलवानी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, मूर्धन्य पत्रकार स्वर्गीय गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्य तिथि 25 मार्च को नगर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा हैं। कार्यक्रम के आयोजक, आंचरिक पत्रकार संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष राधवेंद्र कुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन आरडीएसएस संस्था में दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। विचार गोष्ठी में सिलवानी को जिला बनाए जाने से होने वाले लाभ व हानि पर वक्ताओं के द्वारा विचार रखे जाएगें। यहां पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय कैलाश मस्ताना, अरविंद्र मस्ताना तथा प्रकाश मस्ताना की स्मृति में 5 समाजसेवियो का भी सम्मान किया जाएगा। ज्ञात रहे कि वर्ष 1983 से नगर में आयोजक श्री जैन के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,मूर्धन्य पत्रकार स्वर्गीय गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्य तिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं।

### महिलाओं ने रखा सप्तमी माता का व्रत

**दीवानगंज।** अंचल में शुक्रवार को कई महिलाओं ने सप्तमी पर व्रत रखकर विधि विधान से मंदिर में पूजा अर्चना की। चैत्र में कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को शीतला सप्तमी को यह व्रत रखा जाता है। शीतला सप्तमी के दिन भक्त व्रत रखकर पूरे विधि विधान और भक्ति भाव से माता शीतला की पूजा की जाती है। हिंदू धर्म में शीतला सप्तमी के व्रत का बहुत महत्व होता है। हिंदू पंचाग के प्रथम माह चैत्र में कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को शीतला सप्तमी को यह व्रत रखा जाता है। हालांकि व्रत की शुरुआत चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को हो जाती है। सप्तमी के दिन शुक्रवार को सुबह से ही महिलाएं मंदिर में पहुंचना प्रारंभ हो गई थी जो दोपहर तक चलता रहा।

# बिजली का बकाया बिल जमा न करने पर काटे 55 कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दीवानगंज



मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मार्च महीने में बकाया राशि वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बिजली उपभोक्ताओं से बकाया राशि कंपनी में जमा कराने आग्रह किया जा रहा है साथ ही जिन उपभोक्ताओं के 2000 रुपए से अधिक बिल है उनके कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं।

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा में गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार इन तीन दिनों में बिजली कंपनी द्वारा 55 उपभोक्ताओं के बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटे गए हैं। जो उपभोक्ता तुरंत बिल जमा कर रहा है उसकी लाइन भी तुरंत जोड़ दी जा रही है। कई उपभोक्ताओं से बिजली कर्मचारियों ने लोगो को बताया की बिल जमा करें नहीं तो कनेक्शन काटे जाएंगे। मार्च महीने के समाप्त होने से पहले मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकाया राशि वसूली के लिए सघन प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रयासों के अंतर्गत बकाया राशि वसूली के लिए घर-घर जाकर बिजली कर्मचारी और अधिकारी राजस्व वसूली में लगे हैं। मैदानी अधिकारियों को बकाया राशि वसूली करने का कंपनियों ने आदेश दिया है।

# कार वाशिंग सेंटर संचालक को युवक कर रहा था परेशान, लगाई फांसी

### सुसाइड नोट लिख रस्सी का फंदा बनाकर दिया घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सलामतपुर

कस्बे के कार वाशिंग सेंटर संचालक को एक युवक ने इतना परेशान किया कि उसने डिप्रेशन में आकर फांसी लगा ली। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। पुलिस को सुबह 9 बजे घटना की जानकारी मिली तो तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सांची सिविल अस्पताल भेज दिया। और मर्ग का मामला कायम कर जांच में लिया है।

पुलिस ने बताया कि कस्बे के सुधीर राठौर उर्फ डब्बू पिता राजेन्द्र कुमार राठौर उम्र 49 वर्ष ने अपने ही घर में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से एक सुसाईड भी बरामद हुआ है। जिसमें किसी युवक के द्वारा सुधीर राठौर को परेशान करने की बात लिखी हुई है। और उसी की वजह से सुधीर राठौर ने आत्महत्या जैसा बड़ा कदम उठा लिया। इस घटना के बाद पूरे राठौर परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सुधीर का अंतिम संस्कार शनिवार दोपहर को सलामतपुर के श्मशान घाट पर किया गया। जिसमें कस्बे सहित आसपास क्षेत्र के रहवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

#### काफी समय से एक युवक कर रहा था परेशान



*बताया जा रहा है कि सलामतपुर की नजदीकी पंचायत राताटलाई का एक युवक काफी समय से सुधीर को परेशान कर रहा था। और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दे रहा था। इस युवक पर सुधीर ने पहले भी सलामतपुर थाने में एफआईआर कराई है। युवक जमानत कराने के बाद फिर से सुधीर को परेशान करने लगा था। इन्हीं बातों से सुधीर बहुत डिप्रेशन में चला गया था। और उसने आत्महत्या जैसा बड़ा कदम उठाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।*

### शराब, असामाजिक तत्व मचा रहे उत्पात

# 3 थानों की सीमा पर खरगोन व्यापारिक केंद्र, चौकी की मांग




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरेली/खरगोन

फोरलेन-45 पर तीन थानो की सीमाओं पर आसपास के 20-25 ग्रामों के बीच प्रमुख व्यापारिक केन्द्र जुआरियों, शराबियों का अड्डा बनता जा रहा है। खरगोन के व्यापारियों ग्रामीणो द्वारा लंबे समय से खरगोन में पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मांग की जा रही है। खरगोन में पुलिस सहायता केन्द्र की औपचारिकता का लाभ उठाकर रात का अंधेरा होते ही अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति और असामाजिक तत्व सक्रिय हो जाते है।

फोरलेन-45 पर स्थित ग्राम खरगोन की बरेली से दूरी 15 कि.मी. है। इसी प्रकार खरगोन से थाना बम्होरी और थाना उदयपुरा की दूरी 15-20 कि.मी. है। इन तीनों थाना क्षेत्र की अंतिम सीमा खरगोन के आसपास ग्रामों से जुडी हुई है। खरगोन व्यापारिक केन्द्र होने से प्रतिदिन आसपास के 20-25 ग्रामों के ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं का पढने आना जाना लगा रहता है। बरेली तहसील का खरगोन सबसे बडा ग्राम है। पिछले दिनों कार में सवार होकर आए अज्ञात लोगो द्वारा बडा बाजार में रात में धमा चौकडी और हंगामा किया जाता रहा। लोग डर के मारे अपने घरो में दुबके और अज्ञात लोगो द्वारा किया जा रहा हंगामा देखने मजबूर और भयभीत बने रहे।

#### पुलिस चौकी जरूरी

बरेली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नर्मदा किनारे के दर्जनों ग्रामों के साथ विंध्यांचल पर्वत की तलहटी में बसे ग्राम आते है। खरगोन के आसपास थाना क्षेत्र के 40 प्रतिशत ग्राम आते है। यदि खरगोन में स्थाई पुलिस चौकी की स्थापना के साथ पुलिस तैनात रहे तो 20-25 ग्रामों के अपराधिक, असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण और सडक़ दुर्घटना या अपराधिक घटना पर तत्काल पुलिस सहायता मिल सकती है। खरगोन के आसपास बसे ग्रामों से बरेली ,थाना मुख्यालय की दूरी 25-30 कि.मी. तक है।

### चैत्र नवरात्रि में मां विंध्यवासिनी के दरबार में पहुंचते हैं हजारों श्रद्धालु

# जन-जन करेगा शक्ति के दर्शन, व्यवस्थाओं की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बाड़ी।

- मंदिरों में व्यापक स्तर पर हो रहा है रंग-रोगन कार्य

चिंतामन चौराहा से 5 किलोमीटर दूर शक्ति स्वरूपा विंध्याचल की महारानी विंध्यवासिनी की बोलती प्रतिमा के नवरात्रि में दर्शन करने हजारों भक्त पहुंचते है। इस पावन धाम को तीर्थराज का दर्जा मिल चुका है। मां हिंगलाज जन आस्था का केंद्र है यह ऐतिहासिक नगरी तीर्थराज की धरोहर है।

30 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि में हजारों लोग प्रतिदिन दर्शन करने मां के दरबार में आते हैं तीर्थ नगरी में अन्य प्रदेशों के लोगों की आवाजाही भी होती है क्षेत्रीय एवं ग्रामीण अंचल मां के दर्शन की इच्छा लेकर आता है यहां की व्यवस्था सुविधा स्थानीय प्रशासन के हाथों में होती है नगर का पूरा पन्ना धार्मिक इतिहास से भरा पड़ा है। यहां एकता की मिसाल भी आज भी कायम है नगर के इन मार्गों पर भक्तों की सुविधा के लिए नगर प्रशासन ,पुलिस प्रशासन, विद्युत विभाग सक्रिय भूमिका निभाते हैं।



#### नवरात्रि पर्व से पूर्व लोगों ने प्रशासन से की अनेक मांग

विद्युत विभाग चिंतामन से चौराहे से हिंगलाजगढ़ 3 किलोमीटर मार्ग विंध्यवासिनी दरबार की विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से हो क्योंकि यहां भक्तों की आने जाने की समय सीमा शाम रात्रि 9 बजे तक और प्रातः 4 बजे से भक्त दर्शन के लिए आते हैं। मार्ग पर अस्थाई रूप से बाधक बने अतिक्रमण कार्यों मटेरियल को हटाकर सड़क चौड़ी की जाए ताकि वाहनों को किसी प्रकार कि आज सुविधा का सामना न करना पड़े क्योंकि हजारों वाहन और हजारों लोग पैदल यात्रा करते हैं सैकड़ो लोग धरती स्पर्श करते हुए मां से मुराद मांगने भक्त आते हैं, जिससे उनको किसी प्रकार की असुविधा न हो इतने लंबे मार्ग पर अस्थाई रूप से शौचालय निर्माण व्यवस्था की जाए क्योंकि दर्शन के लिए माताएं बहने एवं छोटे-छोटे बच्चों की तादाद बहुत होती है। सुविधा के लिए अस्थाई शौचालय व्यवस्था करने की मांग लोगों ने की है।

#### नवरात्रि को लेकर जोरों पर चल रही है तैयारियां

नवरात्रि पर्व को कुछ ही दिन से मंदिरों की व्यवस्था सुंदरता रंग रोगन का कार्य व्यापक स्तर पर किया जा रहा है धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार की जा रही है इधर नागरिकों ने नगर प्रशासन से समुचित व्यवस्था करने की मांग की है।

#### रघुवंशी युवा संगठन की जिला स्तरीय बैठक आज

**सिलवानी।** रघुवंशी युवा संगठन की बैठक का आयोजन रविवार को रोसरा रानी ग्राम स्थित सीताराम मंदिर में किया जा रहा है। संगठन के जिलाध्यक्ष अजय पटेल हमीरपुर ने बताया कि बैठक में समाज के युवा संगठन को मजबूत करने, समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में युवा संगठन की भूमिका, सिलवानी में समाज के भवन निर्माण हेतु भूखण्ड, बैठको की संख्या बढ़ाने सहित अन्य सामाजिक मुद्दो पर चर्चा की जाएगी। श्री पटेल ने युवाओं से बैठक में तय समय सुबह 11 बजे सहभागिता करने का आग्रह किया हैं।

# ताइक्वांडो क्लब द्वारा खिलाड़ियों को किया जा रहा प्रशिक्षित

### 120 खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन, सीख रहे आत्मरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

पुलिस विभाग द्वारा संचालित पुलिस ताइक्वांडो क्लब द्वारा खेल और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस ताइक्वांडो क्लब पुलिस लाइन में विशेष ताइक्वांडो प्रशिक्षण कैंप चलाया जा रहा है।

क्लब कोच दिनेश दिवाकर ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से खिलाड़ियों के आत्म सम्मान, अनुशासन और ताइक्वांडो की विभिन्न तकनीकों जैसे रनिंग, स्ट्रैंथ, फ्लैक्सिबिलिटी, स्टैमिना, पंचिंग, ब्लॉकिंग, फाइट, पुमसे एवं विशेषकर बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में अभी तक लगभग 120 खिलाड़ियों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया जा चुका है।



क्लब द्वारा समय-समय पर पुलिस विभाग द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स एवं पुलिस विभाग में चयन के लिए क्लब द्वारा युवा-युवतियों को विशेष शारीरिक प्रशिक्षण का आयोजन एवं जिले के सभी स्कूल-कॉलेज एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मरक्षा का विशेष प्रशिक्षण क्लब द्वारा समय-समय पर दिलवाया जाता है। वर्तमान में लगभग 25 महिलाएं नियमित रूप से फिट रहने हेतु प्रशिक्षण ले रही हैं।

### विश्व जल दिवसः ग्रामों में पहुंचकर लोगों को बताया जल बचाव के उपाय

# यात्रा निकाल दिया 'जल ही जीवन है' का संदेश

- जिले के विभिन्न विकास खंड निकली कलश यात्रा
- महिलाओं और बच्चियों ने सिर पर कलश रखकर दिया जल बचाव का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

22 मार्च को विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में रायसेन जिले के विकास खण्ड सांची, गैरतगंत एवं बाड़ी के ग्रामों में समिति के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उन्हें जल का महत्व बताया तथा जल संरक्षण को लेकर प्रेरित किया गया।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को विश्व जल दिवस पर आईएसए जन कल्याण सेवा समिति द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायसेन के साथ मिलकर विकास खण्ड सांची के ग्राम सालेरा, सनखेड़ी तथा विकास खण्ड गैरतगंज के ग्राम धनियाखेड़ी, हैदरी के साथ विकास खंड बाड़ी के ग्राम बरहा कलां एवं महेश्वर में महिलाओं एवं बच्चियों के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के पश्चात ग्रामीणों को जल बचाव के उपाय बताए गए तथा बताया कि भविष्य में जल का संकट न हो इसके लिए हमें अभी से जल बचाना होगा।

टीम के सदस्यों द्वारा ग्रामवासियों को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के संबंध में भी जानकारी दी गई। जल कर एवं जनभागीदारी राशि के बारे में भी बताया गया।




#### जल का बताया महत्व

ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनको बताया गया कि यह निर्विवाद सत्य है कि सभी जीवित प्राणियों की उत्पत्ति जल में हुई है। वैज्ञानिक अब पृथ्वी के अलावा अन्य ग्रहों पर पहले पानी की खोज को प्राथमिकता देते हैं। पानी के बिना जीवन जीवित ही नहीं रहेगा। इसी कारणवश अधिकांश संस्कृतियाँ नदी के पानी के किनारे विकसित हुई हैं। इस प्रकार 'जल ही जीवन है' का अर्थ सार्थक है। दुनिया में 99 प्रतिशत पानी महासागरों, नदियों, झीलों, झरनों आदि के अनुरूप है। केवल 1 प्रतिशत या इससे भी कम पानी पीने के लिए उपयुक्त है। हालाँकि, पानी की बचत आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। केवल पानी की कमी पानी के अनावश्यक उपयोग के कारण है। बढ़ती आबादी और इसके परिणामस्वरूप बढ़ते औद्योगिकीकरण के कारण, शहरी माँग में वृद्धि हुई है और पानी की खपत बढ़ रही है।